बिहार विधान सभा-सचिवालय

संचिका सं०-क्रय-06/2022- 188 /वि०स०, पटना, दिनांक-10 फरवरी,2022 ई० ।

अल्पकालीन निविदा-आमंत्रण

बिहार विधान मंडल में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में आगन्तुक महानुभावों के शामिल होने वाले अतिथियों के लिए निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मों / संस्थानों से दिनांक-14.02.2022 को 12:00 बजे मध्याह्न तक सीलबंद लिफाफे में निविदायें सचिव, बिहार विधान सभा को सम्बोधित यथानिर्धारित शर्त्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है:-

निविदा से संबंधित निर्धारित शर्त्तें:-

1. आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री का नमूना निविदा खुलने के समय संबंधित फर्म/संस्थान के प्रबंधक अथवा उनके प्रतिनिधि अपने साथ लायेंगे ।
2. निविदादाता को समान प्रकृति कार्य (Similiar nature of works) का अनुभव होना चाहिए तथा कार्यादेश की प्रति संलग्न होना चाहिए ।
3. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए ।
4. निविदा के साथ संलग्न सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित होना चाहिए ।
5. सामग्री की आपूर्ति, आदेश निर्गत होने की तिथि से 03 दिनों के अन्दर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से प्राप्त करा देना होगा ।
6. निविदादाता को निविदा के साथ नोटराईज्ड शपथ-पत्र (शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) संलग्न करना होगा, जिसमें यह अंकित होगा कि उनके फर्म/संस्थान को सरकार अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है तथा इससे संबंधित कोई मुकदमा दर्ज नहीं है ।
7. उपर्युक्त सभी शर्त्तों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा । अपूर्ण, अस्पष्ट एवं विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा ।
8. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।
9. निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदाकार को उपर्युक्त सभी शर्त्तें मान्य है ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक-14.02.2022 को 03.00 बजे अप० में सभापति, क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि अनुमोदित नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे ।

निम्नलिखित सामग्री से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में बिहार विधान सभा सचिवालय के क्रय कोषांग से प्राप्त की जा सकती है ।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	संख्या	आकार	
1	बिहार विधान सभा भवन की प्रतिकृति वाला **मोमेन्टो** (सामान्य गुणवत्ता वाला)	400(चार सौ) अदद्	अनुमोदित नमूना के अनुरूप	विशिष्ट महानुभवों के लिए
2	बिहार विधान सभा भवन की प्रतिकृति वाला **मोमेन्टो** (उच्च गुणवत्ता वाला)	50(पचास) अदद् तथा अतिविशिष्ट श्रेणी के लिए अलग से	अनुमोदित नमूना के अनुरूप	अतिविशिष्ट महानुभावों के लिए

निविदा एवं निविदा से संबंधित सभी निर्धारित शर्तें बिहार विधान सभा की वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर उपलब्ध है ।

आदेश से,

ह०/- 10.2.22

(प्रवीन कुमार श्रीवास्तव)
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ह०/- 10.2.22